**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर।**

| | |
|---|---|
| 14 (क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-रेउसा की ग्राम सभ-सरैया भुरपुरवा में कमीरा बाबा स्थान से भोलेबाबा मन्दिर तक की दूरी जो लगभग 200 मी है का मार्ग बहुत ही खराब अवस्था में है जिससे श्रद्धालुओ को आवागमन मे परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | ग्राम पंचायत सरैंया भटपुरा में कमीरा बाबा स्थान से भोले बाबा मन्दिर तक दूरी लगभग 200 मी० है, जिस पर निर्माण कार्य हेतु लगभग रु० 20.00 लाख की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत सरैंया भटपुरा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य वित्त आयोग द्वारा रु० 14,20,193/- प्राप्त हुये हैं तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में केन्द्रीय वित्त आयोग के अनटाइड ग्राण्ट द्वारा रु० 6,90,678/- प्राप्त हुये है, कुल मु० रु० 21,10,871/- प्राप्त हुये हैं जिसमें पंचायत सहायक, प्रधान व सामुदायिक शौचालय केयर टेकर मानदेय व गौआश्रय स्थल में पूलिंग में कुल धनराशि रु० 3,57,732/- खर्च करने के उपरान्त ग्राम पंचायत के पास रु० 17,53,139/- बचती है। ग्राम पंचायत में 02 कम्पोजिट व 01 प्राथमिक विद्यालय हैं, जिसमें कायाकल्प का कार्य कराया जा रहा है। अतः अपेक्षित धनराशि न बचने के कारण कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है । |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग पर इण्टरलॉकिग का कार्य करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग)यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

**ओम प्रकाश राजभर**
मंत्री,
पंचायती राज विभाग।